INDIAN SCHOOL l NIZWA
HINDI WORKSHEET 2
पत्र

Date - _____ Name -_____ Class –x

सेवा में,

..... नगरपालिका..... महोदय,

स्थान (----------)

विषय – सफाई ----- --------- निवेदन पत्र ।

महाशय,

सूचित किया जाता है कि मेरे मोहल्ले (रंजीत नगर) में कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है। चारों तरफ दुर्गंध फैल रही है। आसपास के निवासी ही नहीं सड़क चलते राहगीर भी नाक बंद करके चलने को बाध्य हैं। जैसा कि आपको विदित ही है कि आसपास कई विद्यालय हैं और छात्र-छात्राएँ उधर से ही आते-जाते हैं। गंदगी ही समस्त बीमारियों की जड़ है। आपसे विनम्र निवेदन है कि इस विषय में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश पारित करें कि उज्ज्वल वस्त्र के साथ भावनाएँ भी महत्वपूर्ण होती हैं और भावनाएँ अच्छे कार्य से ही उज्ज्वल बन सकती हैं। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप इस बारे में जल्दी ही कोई निर्णय लेकर हमें अनुग्रहीत करेंगे।

सधन्यवाद –

भवदीय –

क ख ग

18 2017

`` उपरोक्त पत्र पढ़कर नीचे विकल्पों में से बिल्कुल सही उत्तर पहचानकर लिखिए " :-

(1) ..... नगरपालिका में भरा जाने वाला उचित शब्द है :

A- आदरणीय B- पूज्यनीय C- आदरणीया D- श्रीमान् ।

(2) नगरपालिका ..... महोदय , में भरा जाने वाला उचित शब्द है :

A- अध्यापक B- नमस्कार C- अधिकारी D- साहब

(3) ' उज्ज्वल ' में सही संधि-विच्छेद है :

A- उज + जल B- उत् + ज्वल C- उज्ज् + ल D- उज्ज् + अल

(4) 'छात्र-छात्राएँ ' में सही समास है :-

A- अव्ययी भाव समास B- द्वंद्व समास C- द्विगु समास D- कर्मधारय समास

(5) `18 ..... 2017 ' में लिखना है :-

A- पहर B- साल C- दिन D- मास

(6) ` भवदीय – के नीचे में ' : क ख ग के स्थान पर ..... लिखना है :

A- स्थान B- नाम C- राज्य D- पता ।

(7) विषय – सफाई ----- --------- निवेदन पत्र में रिक्त स्थानों पर लिखना है:--

A- के लिए B- में पर C- सही निकट D- पता परिचय ।